संक्षेप में

टाटा मोटर्स आज से यात्री वाहनों के दाम बढ़ाएगी

टाटा मोटर्स ने कहा है कि वह 8 मई से अपने यात्री वाहनों के दाम बढ़ाएगी। यह वृद्धि अलग अलग मॉडल के हिसाब से औसतन 1.8 फीसदी के दायरे में होगी। कंपनी ने कहा है कि कच्चे माल की लागत में हुई वृद्धि की आंशिक भरपाई के लिए यह वृद्धि की जा रही है। कंपनी ने यह भी कहा है कि 7 मई को अथवा उससे पहले वाहन बुक करने वाले ग्राहकों को वह मूल्य वृद्धि से राहत देगी। *भाषा*

रुपये में लगातार दूसरे दिन तेजी, 27 पैसे मजबूत

रुपये में लगातार दूसरे दिन तेजी कायम रही। घरेलू शेयर बाजार में तेजी और प्रमुख वैश्विक मुद्राओं के समक्ष डॉलर की नरमी के बीच शुक्रवार को रुपये की विनिमय दर 27 पैसे की तेजी के साथ 73.51 (अनंतिम) प्रति डॉलर पर बंद हुई। अंतरबैंक विदेशी विनिमय बाजार में डॉलर रुपया दर 73.62 पर खुली। बाजार बंद होने के समय विनिमय दर 73.51 रुपये प्रति डॉलर थी। *भाषा*

अस्पतालों की नजर टीका आयात पर

देश में कोविड-19 टीकों की पर्याप्त आपूर्ति न होने के मद्देनजर आयात पर विचार

सोहिनी दास
मुंबई, 7 मई

देश में 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए कोविड-19 टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया गया है जबकि टीके की उपलब्धता को लेकर चिंता जताई जा रही है। टीके की पर्याप्त आपूर्ति में समस्याओं को देखते हुए निजी अस्पतालों के नेटवर्कों का कहना है कि वे स्थानीय कंपनियों से आपूर्ति बढ़ाने के साथ-साथ टीके का आयात करने का विकल्प भी तलाश रहे हैं।

दो प्रमुख अस्पताल समूहों- अपोलो हॉस्पिटल्स और फोर्टिस हेल्थकेयर- ने कहा है कि उनके लिए टीके का आयात करने का विकल्प खुला है। जरूरत पड़ने पर आयात संबंधी विकल्पों का आकलन किया जाएगा।

अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप की प्रबंध निदेशक सुनीता रेड्डी ने कहा कि उन्होंने टीकाकरण अभियान की योजना काफी पहले बना ली थी और उनके यहां दोनों विनिर्माताओं- सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और भारत बायोटेक- से आपूर्ति हुई है।

अपोलो अब रोजाना 30,000 लोगों को टीका लगा रहा है। रेड्डी ने एक टेलीविजन चैनल से बातचीत में कहा, 'हमारे पास कोविशील्ड और कोवैक्सीन दोनों हैं, लेकिन स्टॉक तेजी से खत्म हो रहे हैं। ऐसे में आयात करने की क्षमता काफी उपयोगी साबित होगी। हमने इन टीकों के आयात के लिए कुछ रकम अलग रखी है।' अपोलो अपनी आयात योजना को आगे बढ़ाने के लिए दवा विनियामक के साथ काम करेगा।

दिल्ली की अस्पताल कंपनी फोर्टिस हेल्थकेयर भी टीकों के आयात के लिए तैयार है। फोर्टिस हेल्थकेयर के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्याधिकारी आशुतोष रघुवंशी ने कहा कि कीमत आदि मुद्दों के अधिक स्पष्ट होने के बाद वे निश्चित रूप से इस पर गौर करेंगे। उन्होंने कहा, 'टीकों की आपूर्ति बढ़ाने की जरूरत है। स्थानीय विनिर्माताओं से हमें अभी तक पर्याप्त टीके नहीं मिल रहे हैं। हमें केवल भारत बायोटेक से करीब 50,000 खुराक मिली है और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से अब तक कोई आपूर्ति नहीं हुई है।'

कोविड-19 टीकों की खरीद सुविधाओं के लिए अस्पताल समूहों ने साथ आना शुरू कर दिया है। उदाहरण के लिए एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोफाइडर्स (इंडिया) और सीआईआई देश भर के 4,000 से अधिक अस्पतालों से जानकारी जुटाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं ताकि टीके की मांग के बारे में पता लगाया जा सके। साथ ही यह भी पता लगाया जा सके कि आपूर्ति किस प्रकार की जा सकती है।

एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोफाइडर्स (इंडिया) के चेयरमैन (पश्चिमी क्षेत्र)और मुंबई के हिंदुजा हॉस्पिटल के मुख्य परिचालन अधिकारी जॉय चक्रवर्ती ने कहा कि उन्होंने देश भर के 4,000 अस्पतालों से जानकारी जुटाना पहले ही शुरू कर दिया है ताकि कोविड-19 टीके की मांग के बारे में अनुमान लगाया जा सके। साथ ही यह भी देखने की की कोशिश की जा रही है कि मांग को स्थानीय खरीद के जरिये पूरा किया जा सकता है अथवा आयात करना पड़ेगा।

चक्रवर्ती ने कहा, 'हम उन विनिर्माताओं से बात कर रहे हैं जो टीके का आयात कर सकते हैं। हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि जो टीका लगवाना चाहते हैं उनके लिए पर्याप्त आपूर्ति हो सके।'

- अपोलो हॉस्पिटल्स ने कोविड-19 टीकों के आयात के लिए रकम अलग रखी
- अपोलो अब रोजाना 30,000 लोगों को टीका लगा रहा है
- अपोलो के पास कोविशील्ड और कोवैक्सीन दोनों हैं लेकिन स्टॉक तेजी से खत्म हो रहा है
- फोर्टिस हेल्थकेयर भी कोविड-19 टीकों के आयात के लिए तैयार
- एएचपीआई और सीआईआई 4,000 अस्पतालों से मांग के आंकड़े जुटा रहे हैं
- एकल अस्पताल भी कोविड-19 टीकों के आयात के लिए तैयार

कोविड ऋण के लिए 300 कंपनियां पात्र

अभिजित लेले
मुंबई, 7 मई

क्रिसिल की रेटिंग वाली करीब 354 कंपनियां भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नकदी प्रवाह सुविधा के तहत ऋणदाताओं से कुल मिलाकर करीब 40,000 करोड़ रुपये के कोविड ऋण हासिल करने के पात्र होंगी। इनमें अधिकतर औषधि कंपनियां और अस्पताल शामिल हैं। हालांकि बैंकों की रेटिंग वाली उधारी में औषधि कंपनियों की हिस्सेदारी करीब 68 फीसदी और अस्पतालों की हिस्सेदारी 25 फीसदी है। उपलब्ध रकम का अधिकांश लाभ औषधि कंपनियों और अस्पतालों को मिलने की संभावना है।

क्रिसिल की रेटिंग वाले अस्पतालों की उधारी लागत 10.5 फीसदी से 11 फीसदी है। क्रिसिल ने आज एक बयान में कहा कि आरबीआई की योजना के तहत विस्तार के लिए दिए जाने वाले नए ऋण की लागत 300 से 350 आधार अंक कम होगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि इससे अस्पतालों की ब्याज लागत में उल्लेखनीय बचत होगी।

क्रिसिल रेटिंग्स के मुख्य रेटिंग अधिकारी सुबोध राय ने कहा, 'कम लागत पर रकम की उपलब्धता बढ़ने से अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने, ऑक्सीजन भंडारण, आईसीयू एवं अन्य महत्त्वपूर्ण चिकित्सा उपकरणों की तैनाती को प्रोत्साहन मिलेगा। यहां तक कि यदि उपलब्ध धन के आधे हिस्से का भी उपयोग अस्पतालों की मौजूदा क्षमता में विस्तार के लिए किया जाए तो अस्पतालों में करीब 5 लाख नए बिस्तर जोड़े जा सकते हैं जो देश की मौजूदा क्षमता का करीब 15 से 20 फीसदी है।'

स्वास्थ्य सेवा से जुड़े अन्य क्षेत्रों जैसे फार्मास्युटिकल्स के लिए कोविड-19 से संबंधित महत्त्वपूर्ण दवाओं की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए पूंजी की बहुत अधिक आवश्यकता नहीं है।

इसके अलावा फार्मास्युटिकल कंपनियों के माकले में उनके मजबूत ऋण प्रोफाइल और निर्यात ऋण सुविधाओं की उपलब्धता के कारण उधारी की औसत लागत अपेक्षाकृत कम (8 से 8.5 फीसदी) होती है। ऐसे में फार्मास्युटिकल कंपनियां आरबीआई की नई योजना के तहत ऋण लेने में संभवत: अधिक दिलचस्पी नहीं दिखाएंगी।

नई योजना के तहत प्रोत्साहन काफी आकर्षक हैं। अस्पताल कंपनियों को मांग और मानव संसाधन एवं उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए इस पर विचार करना चाहिए।

- दवा एवं स्वास्थ्य सेवा कंपनियों को मिलने वाले कोविड ऋण से अस्पतालों को सबसे फायदा होगा
- अस्पतालों के ऋण की लागत में 3 से 3.5 फीसदी की कमी आएगी
- इससे अस्पतालों में जोड़े जा सकते हैं 5 लाख बिस्तर

प्रपत्र सं. सीएए–2
[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 (3) और कंपनियों के नियम 6 और 7 (समझौते, व्यवस्था और समामेलन नियम, 2016 के अनुसार]

राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण के समक्ष,
इंदौर बेंच, अहमदाबाद में

सी (सीएए)/7 (एमपी) 2021

आर्नील टेक्नोक्राफ्ट प्राइवेट लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : मकान संख्या 13/3, चंद्रा होम्स राजहर्ष कॉलोनी, कोलार रोड़, भोपाल–462042, मध्यप्रदेश
ईमेल : samit_holkar@yahoo.com
CIN : U74900MP2011PTC027346

..... **आवेदक कंपनी 1/हस्तांतरणकर्ता कंपनी**

प्रत्याभूत ऋणदाताओं और आवेदक कंपनी 1 के प्रतिभूति–रहित ऋणदाताओं की बैठक की सूचना का विज्ञापन

एतद् द्वारा सूचित किया गया है कि दिनांक 23 अप्रैल, 2021 के आदेश ('उक्त आदेश'), इंदौर खंडपीठ, वर्तमान में अहमदाबाद में माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण ('एनसीएलटी') की एक बैठक का निर्देश दिया है जो आवेदक कंपनी 1 के प्रत्याभूत ऋणदाताओं और प्रतिभूति–रहित ऋणदाताओं को विचार करने के उद्देश्य से आयोजित कि जाए, और यदि उपयुक्त माना जाता है, तो आर्नील टेक्नोक्राफ्ट प्राइवेट लिमिटेड ('हस्तांतरणकर्ता कंपनी') के एनसिले इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ('हस्तातंरी कंपनी') और उनके संबंधित शेयरधारक ('योजना') के साथ समामेलन की प्रक्रिया में व्यवस्था की योजना को परिवर्तन के साथ या बिना मंजूरी पर विचार करें।

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ('एमसीए') द्वारा जारी सामान्य परिपत्र के साथ पठित उक्त आदेश केअनुसरण में अर्थात् 2020 के परिपत्र संख्या–14 दिनांक 08 अप्रैल, 2020, 2020 के परिपत्र संख्या–17 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 और 2020 के परिपत्र संख्या 39 दिनांक 31 दिसम्बर, 2020 (सामूहिक रूप से एमसीए परिपत्र के रूप में संदर्भित), आवेदक कंपनी 1 की उपरोक्त बैठकें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी') या अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ('ओएवीएम' के माध्यम से बिना भौतिक उपस्थिति के आयोजित की जाएंगी।

उक्त आदेश के अनुपालन में और उसमें दिए गए निर्देश के अनुसार, आगे की जानकारी के अनुसार आवेदक कंपनी 1 के प्रत्याभूत ऋणदाताओं की बैठक शुक्रवार, 11 जून, 2021 को पूर्वाह्न 10:30 बजे (आईएसटी) वीसी के माध्यम से होगी और आवेदक कंपनी 1 के प्रतिभूति–रहित ऋणदाताओं की बैठक शुक्रवार, 11 जून, 2021 को 11:30 बजे (आईएसटी) वीसी के माध्यम से होगी, संबंधित समय में प्रत्याभूत ऋणदाताओं और आवेदक कंपनी 1 के प्रतिभूति–रहित ऋणदाताओं से बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया जाता है।

बैठक वीसी के माध्यम से आदेश और एमसीए परिपत्र के अनुसार आयोजित की जा रही है, प्रत्याभूत ऋणदाताओं की शारीरिक उपस्थिति और प्रतिभूति–रहित ऋणदाताओं को तिरस्कृत किया गया है। तदनुसार, प्रत्याभूत ऋणदाताओं और प्रतिभूति–रहित ऋणदाताओं द्वारा प्रॉक्सी की नियुक्ति के लिए सुविधा बैठक के लिए उपलब्ध नहीं होगी। हालांकि, प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से मतदान की अनुमति है।

उक्त योजना की प्रतियां, व्याख्याम विवरण धारा 230 और 232 के तहत धारा 102 के साथ पठित और कंपनी अधिनियम के, 2013 अन्य लागू प्रावधानों और कंपनियों के नियम 6 (समझौते, व्यवस्था और समामेलन) नियम, 2016, आवेदक कंपनी 1 के पंजीकृत कार्यालय से पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे के बीच सभी कार्य दिवसों पर शनिवार, रविवार और मध्यप्रदेश में सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर, बैठक की दिनांक तक नि:शुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं।

एनसीएलटी ने चार्टर्ड श्री अरशद अहमद को उनकी अनुपस्थिति में चार्टर्ड अकाउंटेंट श्री अनुज चंदेरिया को आवेदक कंपनी 1 की उक्त संबंधित बैठकों के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है। उपर्युक्त योजना, यदि उपरोक्त बैठकों में अनुमोदित की जाती है, तो माननीय एनसीएलटी के बाद के अनुमोदन के अधीन होगी।

सभी प्रत्याभूत ऋणदाताओं और आवेदक कंपनी 1 के प्रतिभूति–रहित को सूचित किया जाता है कि :

1. व्याख्यात्मक विवरण सहित अन्तर आलिया की उपरोक्त बैठकों की सूचना, प्रत्याभूत ऋणदाताओं और आवेदक कंपनी 1 के प्रतिभूति–रहित ऋणधाताओं को ईमेल की गई है, जिनके नाम आवेदक कंपनी 1 के खातों की पुस्तकों में दिखाई देते हैं, जैसा कि 31 दिसम्बर, 2020 को उनके पंजीकृत ईमेल पते पर है। प्रतिभूति–रहित ऋणदाताओं के मामले में जिनकी ईमेल आईडी आवेदक कंपनी 1 में पंजीकृत नहीं है सूचना पंजीकृत डाक के माध्यम से भेजी जाती है।
2. एनसीएलटी के आदेश के अनुसार एमसीए परिपत्रों के साथ पठित, बैठक के दौरान मतदान के लिए आवेदक कंपनी 1 ने संकल्प पारित करके योजना पर विचार करने और मंजूरी देने के लिए ईमेल के माध्यम से (यानी मतदान के लिए) नामित ईमेल आईडी यानी chanchal.jain@aarneel.com प्रदान की है।
3. मतदान के परिणाम की घोषणा बैठक के अध्यक्ष द्वारा लिखित रूप से की जाएगी। संविक्षक की रिपोर्ट के साथ घोषित परिणामों को आवेदक कंपनी 1 के पंजीकृत कार्यालय में प्रदर्शित किया जाएगा और परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद आवेदक कंपनी 1 की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा।
4. बैठक के दौरान वीसी के माध्यम से और मतदान के लिए बैठक में भाग लेने के लिए आवश्यक निर्देश 4 मई, 2021 के सूचना में निर्धारित किए गए हैं।
5. आवेदक कंपनी 1 की उपरोक्त बैठकों की सूचना आवेदक कंपनी 1 की वेबसाइट (https://www.aarneel.com) पर भी अपलोड कि गई है।
6. एनसीएलटी के निर्देशानुसार, कंपनी सचिव श्री परवेश धवन को बैठकों में डाले गए मतों की जांच करने के लिए संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।
7. यदि किसी के पास उक्त बैठकों में भाग लेने या बैठक में मतदान करने के संबंध में कोई प्रश्न या मुद्दे हैं तो आप श्री कृष्ण भराडे, मोबाइल : + 91–7024157495/ईमेल आईडी : subh.bharade@gmail.com से संपर्क कर सकते हैं।

हस्ता./–
श्री अरशद अहमद
बैठकों के लिए नियुक्त अध्यक्ष

स्थान : भोपाल
दिनांक : 8 मई, 2021

डाबर का मुनाफा 377 करोड़ रुपये

डाबर इंडिया लि. ने वित्त वर्ष 2020-21 की आखिरी तिमाही में मजबूत बिक्री के दम पर 377.3 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया। कंपनी ने बताया कि वर्ष 2019-20 की चौथी तिमाही में उसे 281.60 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था और इस तरह उसके शुद्ध मुनाफे में 33.98 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। डाबर ने बताया कि 31 मार्च 2021 को समाप्त हुई चौथी तिमाही में उसकी आय 25.27 फीसदी बढ़कर 2,336.79 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में 1,865.36 करोड़ रुपये रही थी। बोर्ड ने प्रति शेयर 3 रुपये का लाभांश देने की सिफारिश की है। शेयर 538.60 रुपये पर बंद हुआ। *एजेंसियां*

एचडीएफसी का मुनाफा बढ़ा

सुब्रत पांडा
मुंबई, 7 मई

हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनैंस कॉरपोरेशन (एचडीएफसी) का एकल शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2021 की चौथी तिमाही में 3,180 करोड़ रुपये रहा, जो सालाना आधार पर 42 फीसदी ज्यादा है। शुद्ध ब्याज आय में अच्छी खासी बढ़ोतरी के दम पर एचडीएफसी ने बाजार के अनुमान को पीछे छोड़ दिया। पिछले साल की समान अवधि में एचडीएफसी का शुद्ध लाभ 2,232.5 करोड़ रुपये रहा था। तिमाही आधार पर भी लाभ में 8.6 फीसदी की बढ़ोतरी हुई क्योंकि तीसरी तिमाही में एचडीएफसी ने 2,925.8 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया था।

एचडीएफसी की शुद्ध ब्याज आय इस अवधि में सालाना

आधार पर 14 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 4,065 करोड़ रुपये रहा, वहीं शुद्ध ब्याज मार्जिन सालाना आधार पर 10 आधार अंकों की बढ़ोतरी के साथ 3.5 फीसदी पर पहुंच गया।

एचडीएफसी ने तिमाही में 719 करोड़ रुपये का प्रावधान किया। एक बयान में एचडीएफसी ने कहा कि नियामकीय नियमों के मुताबिक उसे कुल 5,491 करोड़ रुपये का प्रावधान करना था, लेकिन वह 31 मार्च तक 13,025 करोड़ रुपये का प्रावधान लेकर चल रही है। साथ ही कोविड-19 के लिए संचयी प्रावधान मार्च के आखिर में 844 करोड़ रुपये था।

एचडीएफसी का एनपीएल मार्च तिमाही के आखिर में 1.98 फीसदी रहा, जो क्रमिक आधार पर थोड़ी गिरावट दिखाता है। एनपीएल में वैयक्तिक लोन पोर्टफोलियो 0.99 फीसदी, गैर-वैयक्तिक लोन पोर्टफोलियो 4.77 फीसदी रहा। आरबीआई की योजना के तहत एचडीएफसी ने मार्च तक 4,479 करोड़ रुपये के कर्ज का पुनर्गठन किया। वैयक्तिक कर्ज वितरण इस अवधि में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 60 फीसदी बढ़ा। एचडीएफसी की उधारी में 10.5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई और यह 4.98 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बीएसई पर एचडीफसी का शेयर 2.7 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 2,496.25 रुपये पर बंद हुआ।

बामर लॉरी एण्ड कं. लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उद्यम)
एसबीयू- केमिकल्स, पंजीकृत कार्यालय: 21, एन एस रोड, कोलकाता-700001
CIN: L15492WB1924GOI004835, वेबसाइट: www.balmerlawrie.com

एसबीयू- केमिकल्स,चेन्नई, तामिलनाडु में तरह-तरह के रसायन के आपूर्ति के लिए

बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित करती है। ई-बोली प्रस्तुत संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु कृपया हमारे ई-प्रोक साइट https://balmerlawrie.eproc.in पर जाएँ। उपर्युक्त विषय निविदाओं के सभी संशोधन, स्पष्टीकरण, अनुच्छेद, आशय, समय विस्तार आदि केवल www.balmerlawrie.com, https://balmerlawrie.eproc.in बामर लॉरी के वेबसाइटों में होस्ट किया जाएगा। बोलीदाता नियमित रूप से अपडेट के लिए वेबसाइटों को देखें। किसी भी जानकारी के लिए श्रीमती टी. इन्दिरा, वरिष्ठ प्रबंधक (एससीएम), दू.भा.: +91-44-25946564, ई-मेल : indhira.t@balmerlawrie.com से संपर्क करें।

निविदा संख्या	दिनांक	अंतिम तिथि	द्रव्य
BL/LC/MAN/SDS/LT/202122/0054	08.05.2021	19.05.2021	सोडियम डी क्रोमेट डी हाइड्रेट
BL/LC/MAN/SO/PT/202122/0004	08.05.2021	29.05.2021	सिलिकन ऑयल
BL/LC/MAN/WDS/LT/202122/0053	08.05.2021	25.05.2021	अपशिष्ट डी क्रोमेट सल्यूशन
BL/LC/MAN/CLS/PT/202122/0002	08.05.2021	31.05.2021	कैलसियम लिग्नो सालफोनेट

SHAKTI®
PUMPING LIFE
SHAKTI PUMPS (INDIA) LTD.
CIN: L29120MP1995PLC009327
Regd. Off.: Plot No. 401, 402 & 413, Sector-III, Industrial Area, Pithampur, Dist. Dhar-454774
E-mail : cs@shaktipumpsindia.com, Website : www.shaktipumps.com

NOTICE

Notice is hereby given in terms of Regulation 29 read with regulation 47 of the SEBI (LODR) Regulation, 2015 that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on **Monday, 17th May, 2021 at 11.00. A.M. at Through Video Conferencing** inter-alia to consider, approve and take on record, the **Audited Financial Results along with Audit Report for the Quarter and Year ended on March 31, 2021.**

The details are also available at the website of the company **www.shaktipumps.com** and stock exchanges i.e., **www.bseindia.com, www.nseindia.com.**

By Order of the Board
For Shakti Pumps (India) Ltd.
Sd/-
Dinesh Patidar
Managing Director
(DIN 00549552)

Date : **07.05.2021**
Place : **Pithampur**

व्हाट्सऐप ने सेवा शर्तों पर फैसला वापस लिया

भाषा
नई दिल्ली, 7 मई

व्हाट्सऐप ने अपनी विवादित निजता नीति से जुड़ा अपडेट स्वीकार करने के लिए उपयोगकर्ताओं को दी गई 15 मई तक की समयसीमा से जुड़ा फैसला वापस ले लिया है। कंपनी ने कहा है कि शर्तों को स्वीकार न करने पर भी खाते हटाए नहीं जाएंगे। प्रस्तावित नीति पर उपयोगकर्ताओं ने अपने डेटा के अधिकार को लेकर चिंताएं जताई थी।

व्हाट्सऐप के तमाम उपयोगकर्ताओं ने कहा कि नई नीति के तहत उनका डेटा व्हाट्सऐप का स्वामित्व रखने वाली कंपनी फेसबुक के साथ शेयर कर दिए जाएंगे। इसे लेकर इस नि:शुल्क मैसेजिंग एवं कॉलिंग सेवाएं देने वाले कंपनी की काफी आलोचनाएं हो रही थीं। व्हाट्सऐप के एक प्रवक्ता ने कहा कि इस नीति से जुड़े अपडेट को स्वीकार न पर 15 मई को कोई खाता डिलीट नहीं किया जाएगा। उन्होंने ईमेल के जरिये भेजे गए एक सवाल के जवाब में शुक्रवार को कहा, 'इस अपडेट की वजह से 15 मई को कोई भी खाता डिलीट नहीं किया जाएगा और भारत में किसी की भी व्हाट्सऐप सेवा बंद नहीं की जाएगी। हम लोगों को अगले कुछ हफ्तों में नई जानकारी भेजेंगे।' प्रवक्ता ने कहा कि जहां नई सेवा शर्तों का अपडेट पाने वाले ज्यादातर उपयोगकर्ताओं ने उसे स्वीकार कर लिया है। कुछ लोगों के पास अब भी यह अपडेट नहीं पहुंचा है। प्रवक्ता ने साफ नहीं किया कि कंपनी ने किन कारणों से अपने रुख में बदलाव किया और उन्होंने इन शर्तों को स्वीकार करने वाले उपयोगकर्ताओं की संख्या का भी खुलासा नहीं किया।

बिज़नेस स्टैंडर्ड
भोपाल संस्करण

बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटिड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा नई दुनिया न्यूज़ ऐंड नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड, 23/4-23/5, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, सेक्टर-डी, सीपेट हॉस्टल के पास, भोपाल, म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं C/o. अशोक कुमार जैन, शॉप नंबर 1, पटेल मार्केट, संगम टॉकीज के समीप, भोपाल -462001 से प्रकाशित
संपादक: कैलाश नौटियाल

आरएनआई न० WBHIN/2008/24333
पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं।
टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स- 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए कृपया संपर्क करें..
सुश्री मानसी सिंह
हेड कस्टमर रिलेशन्स
बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013
ई मेल.. subs_bs@bsmail.in
या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS

डिसक्लेमर.. बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉर्पोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए। मैं० बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा० लि० का सर्वाधिकार सुरक्षित है। बिजनेस स्टैंडर्ड प्रा० लि० से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस तरह का निषिद्ध एवं अनधिकृत कार्य करने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरु की जाएगी।

कोई हवाई अधिभार नहीं

MADHYA PRADESH POWER GENERATING COMPANY LIMITED
0/0 OF THE CHIEF ENGINEER (GENERATION) STPS, MPPGCL P.O.
SARNI DISTT. BETUL (MP) PIN 460447, FAX (07146) 278466/ PHONE-278422

Through e-tendering process only" M. P Power Generating Co. Ltd invites tenders from reputed / established Contractor/Firm only as per details given below for STPS, MPPGCL, Sarni. These Tenders are being processed through e-tendering system. For viewing detailed NIT and participating in Electronic Tenders, please visit the website www.mptenders.gov.in

Tender No	Particulars	Date & Time of Closing of online submission	Date & time of E-Opening of tender
PT-3436/ TID-2021-MPPG-138387	Procurement Brackets of Conveyor System of CHP:IV STPS, Sarni	14/06/2021 Up to 15:00 Hrs.	17/06/2021 From 11:45 hrs.
PT-3434/ TID-2021-MPPGC-138388	Procurement of Bucket of Bucket Wheel Stacker Reclaimer of CHP-II, STPS, Sarni	14/06/2021 Up to 15:00 Hrs	17/06/2021 From 11:45 hrs.
WT-3470/ TID-2021-MPPGC-140406	Work for lifting transportation of received coal and spreaded coal along the belt of Shobhapur Mines to MCC4 Coal Yard, STPS, Sarni	21/05/2021 Up to 15:00 Hrs	24/05/2021 From 15:30 hrs.
WT-3461/ TID-2021-. MPPGC-138713	Deployment of technical group of contractor's labour for routine & break down maintenance etc for Wagon Tippler MCC-IV & Sarni mines, Secondary Coal Crusher Hrs. of CHP-1, STPS, Sarni	07/06/2021 Up to 15:00	11/06/2021 From 15:30 hrs
WT-3464 TID-2021 MPPGC-138711	Deployment of technical group of contract labour for routine & break down maintenance along with regular Checking, Oil Top-up & Greasing of various auxiliaries of Bunker maintenance site of CHP-1, STPS, Sarni	10/06/2021 Up to 15:00 Hrs.	14/06/2021 From 15:30 hrs
WT-3462) TID-2021-PPG-138708,	Providing assistance for routine day to day operational activities along with round the clock cleaning of Conveyor No. 7A/B, 8A/B, 9A/B, 10A/B, S/R & Trippers of CHP-II, STPS Sarni	11/06/2021 Up to 15:00 Hrs.	15/06/2021 From 15:30 hrs.
WT. 3370/ TID-2021-MPPGC- 126984-2	Work of Shipment of 01 No. Locomotive from STPS Sarni to ATPS, MPPGCL. Chachai	27/05/2021 Up to 15:00 Hrs.	31/05/2021 From 15:30 hrs.

"Save Energy and for free Fly Ash supply, Contract No. 9425611022" 9425611094 & 9425611055

(R.P. Bajpai)
SUPERINTENDING ENGINEER (P&W)

महामारी से घटी ग्रामीण मांग

पृष्ठ 1 का शेष...

पिछले साल देश भर में लॉकडाउन होने के कारण बिक्री बहुत कम रही थी, इसलिए उसके मुकाबले इस साल अप्रैल में लगभग सभी ट्रैक्टर कंपनियों की बिक्री बढ़ी। मगर कोविड के बाद सही मायने में बिक्री पर असर पड़ा है। इस बार रबी की फसल अच्छी हुई है, खरीद भी चल रही है और मॉनसून के भी सामान्य रहने के आसार हैं। ऐसे में अगर दो से तीन हफ्तों में कोविड संक्रमण थम जाता है तो अच्छा होगा। मगर ऐसा नहीं हुआ तो स्थिति चिंताजनक हो सकती है।

संक्रमण के असर को इससे समझा जा सकता है कि इस साल अप्रैल में मोटरसाइकलों की बिक्री अप्रैल, 2019 की तुलना में 40 फीसदी घटी है और ट्रैक्टरों की बिक्री में 16 से 17 फीसदी का इजाफा हुआ है। हीरो मोटोकॉर्प ने उम्मीद जताई कि सितंबर तिमाही से स्थितियां सामान्य हो जाएंगी। कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी निरंजन गुप्ता ने कहा, 'हम उम्मीद करते हैं कि दूसरी तिमाही से स्थिति सामान्य होने लगेगी और टीकाकरण बढ़ने से संक्रमण के मामले भी घटने लगेंगे।' उन्होंने कहा कि बेहतर मॉनसून और उपज अच्छी होने से ग्रामीण बाजारों में बिक्री अच्छी रहेगी। उन्होंने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2022 में 1,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की अपनी योजना में कोई बदलाव नहीं किया है। आमतौर पर एफएमसीजी क्षेत्र पर देर से असर होता है लेकिन कंज्यूमर ड्यूरेबल्स की बिक्री में इस साल गर्मियों में खासी कमी आई है। गोदरेज अप्लायंसेज में कार्यकारी उपाध्यक्ष और कारोबार प्रमुख कमल नंदी ने कहा, 'दूसरी लहर बहुत अधिक फैल गई है। इसके कारण छोटे शहरों में भी मांग पर असर पड़ा है।'

कंज्यूमर ड्यूरेबल्स कंपनियों की करीब 70 फीसदी बिक्री शहरी बाजारों से आती है और शेष ग्रामीण बाजारों से। दूसरी लहर ने बड़े शहरों को बहुत प्रभावित किया है।